दिनांक—14.04.2024
समय—7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नर्मदापुरम के पिपरिया में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित।
- आज देशभर में मनाई जा रही है अंबेडकर जयंती, प्रदेश में भी होंगे कई आयोजन।
- आफत बनी बेमौसम बारिश, कांग्रेस ने किसानों के लिए मांगा मुआवजा।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा- स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए बरतें सख्ती।

प्रधानमंत्री-नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार का कार्य तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए तीसरी बार मध्यप्रदेश आ रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य वरिष्ठ नेता भी अलग अलग स्थानों पर प्रचार करेंगे। वहीं, कल सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मीडिया से बात करते हुए विपक्षी गठबंधन को नीति,नेता और सिद्धांत विहीन गठजोड़ करार दिया। उधर, कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा आज नरसिंहपुर, शहडोल और सिवनी जिलों में प्रचार करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा मनोज यादव ने भी कल खजुराहो में कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। कल मुख्यमंत्री ने शहडोल, रीवा, सतना और टीकमगढ़ लोकसभा के चुनाव प्रचार किया। डॉ. यादव ने टीकमगढ़ के नौगांव में रोड शो कर जनता से आशीर्वाद लिया। रथ सभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश करवट ले रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भारत देश पर है। दुनिया के अंदर अगर भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है तो उसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उधर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कल छिंदवाडा जिले चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

अम्बेडकर-जयंती

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बी आर अम्बेडकर की आज एक सौ सौंतीसवीं जयंती है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, पूरे देश में कई समारोह आयोजित किये जायेंगे। मुख्य समारोह नई दिल्ली स्थित संसद भवन लॉन में आयोजित होगा, जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने

संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत और बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहेब अंबेडकर ने एक न्यायविद्, शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री, समाज-सुधारक और राजनीतिक नेता के रूप में देश और समाज के लिए असाधारण योगदान दिया। वहीं, प्रदेश के महू में बाबा साहेब की जन्मभूमि पर कई कार्यक्रम होंगे। गौरतलब है कि इस बार आचार संहिता के चलते महू में कोई भी राजनीतिक आयोजन नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव यहां अंबेडकर जयंती पर जन्मस्थली पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

मौसम, किसान

प्रदेश में बेमौसम बारिश का प्रकोप जारी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में कल रात झमाझम पान गिरा। नरसिंहपुर, विदिशा, भोपाल में भी तेज बारिश दर्ज हुई। इधर, बेमौसम बारिश ने किसानों की आफत बढ़ा दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में बेमौसम हुई बारिश को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम में आए बदलाव ने एक बार फिर किसानों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन, रतलाम और गुना में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले गिरने की सूचना भी मिली। रायसेन, विदिशा, उमरिया, नर्मदापुरम, हरदा और खरगोन में भी बारिश ने मुसीबत बढ़ाई है। श्री पटवारी ने राज्य शासन और बारिश से प्रभावित जिलों के स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया है कि किसानों की फसल की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। खरीदी की व्यवस्था को भी तेज किया जाए। सभी किसानों को फसल का समुचित दाम मिले यह भी पुख्ता किया जाए।

रायसेन समर्थन मूल्य

प्रदेश में हो रही बेमौसम बारिश ने आम नागरिकों के साथ ही किसानों को भी परेशान कर दिया है। उपार्जन केंद्रों में फसलों की सुरक्षा के लिए प्रशासन भी कड़े कदम उठा रहा है। रायसेन जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर जिले के एसडीएम ने कल अपने क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं और चना उपार्जन केन्द्रों वेयर हाउसों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए संबंधितों को निर्देश दिया, जिससे किसानों

द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए लाई जा रही उपज को सुरक्षित रखा जा सके। एसडीएम पीसी शाक्य तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह रतनपुर के पास एग्रीकल्चर और प्रज्ञा वेयर हाउस पहुंचे। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाएं देखी और बारिश से होने वाले नुकसान के विषय में जानकारी ली।

मतदान बैठक

स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिये शिकायत निराकरण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें तथा निर्वाचन सबंधी अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करें। निर्वाचन संबंधी शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के लिये जरूरी है कि जिला निर्वाचन अधिकारी इसकी सतत मानिटरिंग करें। यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल दिये। वे भोपाल के कमिश्नर सभाकक्ष में पहले सत्र में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने गर्मी को देखते हुये मतदान केंद्रों पर टेंट, मेडिकल किट और पानी जैसी जरूरी व्यवस्थायें करने तथा सेक्टर अधिकारियों के पास मेडिकल किट एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दल एवं सुरक्षा कर्मियों के लिये भी ओआरएस और अन्य जरूरी दवाइयों की व्यवस्था करें। श्री राजन ने समय पर मतदाता पर्ची वितरण के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिलों में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों का ब्यौरा लिया।

एमसीयू अवार्ड्स

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल ने मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित एडुटेनमेंट अवार्ड्स 2024 के 10वें संस्करण में कई शीर्ष सम्मान हासिल किए। पुरस्कारों में वैल्यू फॉर मनी क्रिएटिव एजुकेशन स्कूल के लिए स्वर्ण पुरस्कार और डिजिटल मीडिया स्कूल की श्रेणी में कांस्य पुरस्कार शामिल हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में कुलपति प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश को क्रिएटिव एजुकेशन लीडरशिप (रचनात्मक शिक्षा नेतृत्व) के क्षेत्र में उत्कृष्ट मेंटरशिप के लिए सम्मानित किया गया, जबकि डीन (अकादमिक) प्रो. पी. शशिकला रविचंद्रन को मीडिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट मेंटरशिप के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. सुरेश ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी पुरस्कार प्राप्त किये। प्रो.के.जी. सुरेश ने कहा कि पिछले महीने टाइम्स नाउ द्वारा एमसीयू को देश के शीर्ष सात मीडिया संस्थानों में स्थान दिए जाने के बाद यह एक बड़ा सम्मान है।

खाद्य सुरक्षा

गुना कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होटल और मैरिज गार्डन संचालक की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने संचालकों को निर्देशित किया गया कि फूड सेफ्टी मापदण्डों का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खाद्य सामग्री विक्रेताओं के अतिरिक्त जो लोग खाद्य सामग्री का निर्माण कर रहे हैं, उन संस्थानों का भी सैम्पिलिंग लेने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। बाहर से आने वाले मावा की जांच के लिये सभी वाहनों की नियमित रूप से चौकिंग की जाये और नकली मावा के आयात पर अकुंश लगाया जाए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में......

- लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा आज अपना घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' के नाम से जारी करेगी। आपको बता दें कि कांग्रेस 5 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र न्याय पत्र के नाम से जारी कर चुकी है।
- आईपीएल क्रिकेट में राजस्थान रॉयल्स ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर के में 147 रन बनाए जवाब में राजस्थान की टीम ने एक गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।
- भारतीय निशानेबाज पलक और सान्याम ने रियो डी जनेरियो में आईएसएसएफ की आखिरी ओलंपिक योग्यता के महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जिससे भारतीय शूटिंग टीम 20वें पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान के लिए आगे बढ़ गई।
- एम्स भोपाल की मेडिकल सोशल वेलफेयर यूनिट ने राजकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागसेवनिया में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता और लू की रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई।
- बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने सख्ती बरती है। उन्होंने कहा है कि खुले बोरवेल्स पर गंभीरता पूर्वक सख्ती से कदम उठाएं।
- अशोकनगर में डॉ आंबेडकर के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रबुद्ध जनों द्वारा डॉक्टर अंबेडकर की जीवन पर प्रकाश डाला।
- खंडवा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा योजना, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा आदि की विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

प्रधानमंत्री-नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार-प्रसार का कार्य तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के पिपरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए तीसरी बार मध्यप्रदेश आ रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्य वरिष्ठ नेता भी अलग अलग स्थानों पर प्रचार करेंगे। वहीं, कल सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मीडिया से बात करते हुए विपक्षी गठबंधन को नीति,नेता और सिद्धांत विहीन गठजोड़ करार दिया। उधर, कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा आज नरसिंहपुर, शहडोल और सिवनी जिलों में प्रचार करेंगे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा मनोज यादव ने भी कल खजुराहो में

कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। कल मुख्यमंत्री ने शहडोल, रीवा, सतना और टीकमगढ़ लोकसभा के चुनाव प्रचार किया। डॉ. यादव ने टीकमगढ़ के नौगांव में रोड शो कर जनता से आशीर्वाद लिया। रथ सभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश करवट ले रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं भारत देश पर है। दुनिया के अंदर अगर भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है तो उसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उधर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कल छिंदवाडा जिले चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

रायसेन समर्थन मूल्य

प्रदेश में हो रही बेमौसम बारिश ने आम नागरिकों के साथ ही किसानों को भी परेशान कर दिया है। उपार्जन केंद्रों में फसलों की सुरक्षा के लिए प्रशासन भी कड़े कदम उठा रहा है। रायसेन जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर जिले के एसडीएम ने कल अपने क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं और चना उपार्जन केन्द्रों वेयर हाउसों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए संबंधितों को निर्देश दिया, जिससे किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए लाई जा रही उपज को सुरक्षित रखा जा सके। एसडीएम पीसी शाक्य तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह रतनपुर के पास एग्रीकल्चर और प्रज्ञा वेयर हाउस पहुंचे। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाएं देखी और बारिश से होने वाले नुकसान के विषय में जानकारी ली।

एमसीयू अवार्ड्स

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल ने मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित एडुटेनमेंट अवार्ड्स 2024 के 10वें संस्करण में कई शीर्ष सम्मान हासिल किए। पुरस्कारों में वैल्यू फॉर मनी क्रिएटिव एजुकेशन स्कूल के लिए स्वर्ण पुरस्कार और डिजिटल मीडिया स्कूल की श्रेणी में कांस्य पुरस्कार शामिल हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में कुलपति प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश को क्रिएटिव एजुकेशन लीडरशिप (रचनात्मक शिक्षा नेतृत्व) के क्षेत्र में उत्कृष्ट मेंटरशिप के लिए सम्मानित किया गया, जबकि डीन (अकादमिक) प्रो. पी. शशिकला रविचंद्रन को मीडिया प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट मेंटरशिप के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. सुरेश ने विश्वविद्यालय की ओर से सभी पुरस्कार प्राप्त किये। प्रो.के.जी. सुरेश ने कहा कि पिछले महीने टाइम्स नाउ द्वारा एमसीयू को देश के शीर्ष सात मीडिया संस्थानों में स्थान दिए जाने के बाद यह एक बड़ा सम्मान है।

खाद्य सुरक्षा

गुना कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होटल और मैरिज गार्डन संचालक की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने संचालकों को निर्देशित किया गया कि फूड सेफ्टी मापदण्डों का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खाद्य सामग्री विक्रेताओं के अतिरिक्त जो लोग खाद्य सामग्री का निर्माण कर रहे हैं, उन संस्थानों का भी सैम्पिलिंग लेने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। बाहर से आने वाले मावा की जांच के लिये सभी वाहनों की नियमित रूप से चौकिंग की जाये और नकली मावा के आयात पर अकुंश लगाया जाए।

मौसम, किसान

प्रदेश में बेमौसम बारिश का प्रकोप जारी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में कल रात झमाझम पान गिरा। नरसिंहपुर, विदिशा, भोपाल में भी तेज बारिश दर्ज हुई। इधर, बेमौसम बारिश ने किसानों की आफत बढ़ा दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में बेमौसम हुई बारिश को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम में आए बदलाव ने एक बार फिर किसानों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन, रतलाम और गुना में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले गिरने की सूचना भी मिली। रायसेन, विदिशा, उमरिया, नर्मदापुरम, हरदा और खरगोन में भी बारिश ने मुसीबत बढ़ाई है। श्री पटवारी ने राज्य शासन और बारिश से प्रभावित जिलों के स्थानीय प्रशासन से अनुरोध किया है कि किसानों की फसल की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। खरीदी की व्यवस्था को भी तेज किया जाए। सभी किसानों को फसल का समुचित दाम मिले यह भी पुख्ता किया जाए।

------------------------------